सुश्री एस. अपर्णा
सचिव
**Ms. S. Aparna**
Secretary

फा.सं. ई.11017/01/2022-हिन्दी
भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग
Government of India
Ministry of Chemicals & Fertilizers
Department of Pharmaceuticals

दिनांक: 13 सितम्बर, 2022

# संदेश

## हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

हिंदी हमारी राजभाषा है। राष्ट्र निर्माण में हिंदी के महत्वपूर्ण योगदान को अनुभव करते हुए हमारी संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को हिंदी को राजभाषा के रूप में अंगीकृत किया था। इसी दिन की स्मृति में हम प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाते हैं एवं हम भारत के काम-काज में हिंदी को प्रथम स्थान देने के सामूहिक प्रयास करते हैं। जहां तक औषध विभाग का संबंध है, इसमें राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने हेतु यह आवश्यक है कि उच्च अधिकारी कार्यालय में हिंदी के प्रयोग के लिए उत्साहवर्धक एवं अनुकूल वातावरण तैयार करें तथा सरकारी कार्यों में हिंदी में मूल लेखन को प्रोत्साहित करें। विभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने सरकारी कार्यों में सहज एवं सरल हिंदी के प्रयोग पर भी बल दें।

आइए, हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर हम यह दृढ़ संकल्प लें कि हम सभी अपना अधिकाधिक कार्य पूर्ण उत्साह, लगन और गर्व के साथ राजभाषा हिंदी में ही करेंगे। आपके इस प्रयास में मेरी हार्दिक शुभकामनाएं आपके साथ हैं।

**जय हिंद**

अपर्णा

**(एस. अपर्णा)**

शास्त्री भवन, डॉ राजेन्द्र प्रसाद रोड़, नई दिल्ली - 110 001
Dr. Rajendra Prasad Road, Shastri Bhawan, New Delhi - 110 001
Tel. : 23381573 / Fax : 23070245 E-mail : secy-pharma@nic.in